अटल हिन्द फरी

# लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन और अग्रवाल कॉलेज द्वारा कैंसर सेमिनार

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद।** 4 फरवरी को अग्रवाल कालेज यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन क्लब द्वारा , लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन और मोरेंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर कारण और बचाव पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। चेयर पर्सन प्राचार्य डा कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया कि सेमिनार कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया है। उभरते युवा लक्ष्य अग्रवाल की स्मृति में आयोजित सेमिनार में उनके चाचा दिनेश मंगला ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि जो पीड़ा हमे हुई है उससे कोई अन्य परिवार पीड़ित ना हो । वार्ता की मुख्य वक्ता डा निष्ठा गुप्ता ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में सर्वाधिक मौतों का कारण है। एच पी वी नामक वायरस से होने वाले इस कैंसर से हर पांच मिनट में एक महिला की मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए टीका और बचाव भी उपलब्ध है । डा बालकिशन गुप्ता ने हर पेशे में ईमानदारी बरतने की बात कही और बताया कि लक्ष्य ने 25 वर्ष के जीवन में वह कर दिया जो लोग 80 वर्ष में नही कर पाते।

डा सन्नी जैन ने कैंसर के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने सही कारण और निवारण पहचानने समझने की बात कही इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां भी वितरित की गई मंच संचालन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रो सुप्रिया ढांडा ने किया। वाईआरसी कौंसिलर श्रीमति पूजा ने सभी का धन्यवाद किया। बच्चो में सामाजिक उद्यमिता की भावना जागृत करने के लिए कालेज ने आज एआरसी सॉल्यूशंस प लिमिटेड से एक समझौता भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्णकांत और अन्य अतिथियों ने एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। इस अवसर पर लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से परिवार के सदस्यों के अलावा महेंद्र तनेजा राजीव गुप्ता विकास बब्बर और कालेज की ओर से डा जयपाल सिंह, श्री मति कमल टंडन,के एल कौशिक नरेश कामरा मनोज शुक्ला डा रामचंद, सुभाष जी और रेड रिबन क्लब से लवकेश जी भी उपस्थित रहे।